newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३९ | १६ से २२ अक्टुबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## देश में नवरात्रि की धूम

१५ अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि आरम्भ हो चुकी है। नवरात्रि आरंभ होते ही पूरे देश में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। भक्तों ने घर और मंदिरों में देवी की उपासना शुरू कर दी हैं। उपासना करते समय माता के भक्त हवन,चालीसा पाठ और दुर्गासप्तशती का पाठ करते हैं। मान्यता है कि माता के जो भक्त नवरात्रि के पूरे नौ दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ करता है उसे सभी प्रकार के कष्ठों से मुक्ति मिलती है, सभी तरह के अनिष्ट का नाश हो जाता है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। कलश स्थापना का अर्थ है नवरात्रि के वक्त ब्रह्मांड में मौजूद शक्ति तत्व का घट यानी कलश में आह्वान करना। शक्ति तत्व के कारण घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाती है। नवरात्रि के पहले दिन पूजा की शुरुआत दुर्गा पूजा के लिए संकल्प लेकर ईशान कोण (पूर्व-उत्तर) में कलश स्थापना करके की जाती है। नवरात्रि में स्थापित कलश नकारात्मक ऊर्जा खत्म कर देता है। इससे घर में शांति रहती हैं। कलश को सुख और समृद्धि देने वाला माना गया है। घर में रखा कलश माहौल भक्तिमय बनाता है। इससे पूजा में एकाग्रता बढ़ती है। घर में बीमारियां हों तो नारियल का कलश उसको दूर करने में मदद करता है। कलश को भगवान गणेश का रूप भी माना जाता है, इससे कामकाज में आ रही रुकावटें भी दूर होती हैं। नवरात्रि में वैसे तो नौ दिनों तक बिना अन्न खाए सिर्फ फल खाकर उपवास करने का विधान है, लेकिन इतने कठिन नियम पालन नहीं हो सकते तो दूध और फलों का रस पीकर भी व्रत किया जा सकता है। इतना भी न किया जा सके तो एक वक्त खाना खाकर व्रत कर सकते हैं या पूरे नौ दिनों तक बिना नमक का भोजन करने का भी नियम ले सकते हैं। नवरात्रि में व्रत-उपवास के दौरान लहसुन, प्याज, तंबाकू, सिगरेट, पान मसाला और किसी भी तरह का नशा नहीं करना चाहिए। इन दिनों गुस्सा करने और झूठ बोलने से भी बचना चाहिए। इन नियमों को ध्यान में रखकर व्रत किया जाना चाहिए। बीमार, बच्चे और बूढे.लोगों को व्रत नहीं करना चाहिए। साथ ही जिन लोगों को देर रात तक जागना पड़ता है या डिस्टर्ब रूटीन वालों को भी व्रत करने से बचना चाहिए। नवरात्रि में नौ दिन तक अखंड ज्योत जलाई जाती है। घी का दीपक देवी के दाहिनी ओर, तेल वाला देवी के बाईं ओर रखना चाहिए। अखंड ज्योत नौ दिनों तक जलती रहनी चाहिए। जब ज्योत में घी डालना हो या बत्ती ठीक करनी हो तो अखंड दीपक की लौ से एक छोटा दीपक जलाकर अलग रख लें। दीपक ठीक करते हुए अखंड ज्योत बुझ भी जाए तो छोटे दीपक की लौ से फिर जलाई जा सकती है। छोटे दीपक की लौ को घी में डुबोकर ही बुझाएं।

## इंटरनेशनल बेकिंग कंपनी की दुकान में दिनहाडे फायरिंग, आरोपी फरार



**जेकेएस संवाददाता**

**मीरा रोड** : मीरा-भायंदर शहर के प्रवेश द्वार काशीमीरा नाका पर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ प्रतिमा के ठीक सामने इंटरनेशनल बेकिंग कंपनी की दुकान में शुक्रवार की सुबह १० से १०.३० के बीच हेलमेट पहने हुए एक व्यक्ति द्वारा फायरिंग की कोशिश की गई. संयोग से फायरिंग के समय वेपन लॉक हो जाने या किसी अन्य कारणवश फायरिंग नहीं हुई. हालांकि हेलमेट पहने हुए व्यक्ति ने दुकान के मैनेजर चंद्रकांत कोडगोले की दिशा में फायरिंग की २ से ३ बार कोशिश की. फायरिंग न होने पर हेलमेट पहना व्यक्ति २० से २५ सेकेंड में ही वहां से भाग खड़ा हुआ. इस व्यक्ति की सभी हरकत दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे में हो गई है. दुकान से कुछ ही दूरी पर काशीमीरा पुलिस थाना है. इसके अलावा चौरास्ता और मुंबई-अहमदाबाद रोड से सटा तथा मीरा भायंदर शहर का प्रवेश द्वार होने के कारण इस इलाके में हर दम भीडभाड. और लोगों की चहल-पहल रहती है. ऐसे में दिन दहाड़े इस तरह फायरिंग की कोशिश किए जाने की घटना से लोगों में अफरा-तफरी मच गई थी. घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी जयंत बजबले, काशीमीरा थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप कदम पुलिस दल के साथ तुरंत वहां पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी थी. बताया जाता है। यह दुकान काशीमीरा के कुख्यात पटेल कंपनी के परिवार से संबंधित है. स्थानीय लोगों में चर्चा है कि यह वारदात जमीनी विवाद से जुडा प्रकरण हो सकता है. दुकान के अंदर सफाई का काम करने वाले मोहम्मद तफझिन ने पुलिस को बताया कि हेलमेट पहन के एक व्यक्ति दुकान में घुसा और हाथ में बंदूक लेकर दुकान के मैनेजर की तरफ फायर करने की कोशिश कर रहा था. २ से ३ बार बंदूक से फायर करने की कोशिश की, मगर गोली नहीं चली जिसके बाद आरोपी घटना स्थल से भाग खडा हुआ.

## बीजेपी का हल्लाबोल मनपा के सामने

### सुरक्षा रक्षकों का मामला गरमाया



**जेकेएस संवाददाता**

**मीरा-भाईदर**: मीरा-भाईंदर मनपा के ६६० सुरक्षा बलों को बहाल करने का मामला गरमा गया है। हाल ही में आयुक्त ने मनपा में कांट्रेक्ट पर कार्यरत ६०० सुरक्षा बलों को सेवामुक्त कर दिया था। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को वीजेपी नेता नरेंद्र मेहता और जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा के नेतृत्व में विशाल मोर्चा निकाला गया। बीजेपी ने चेतावनी दी कि अगर दो-तीन दिन में सुरक्षा बलों को बहाल करने के बारे में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज कर दिया जाएगा। मेहता ने मनपा की संपत्तियों पर ताला मारने की चेतावनी दी है। मामला कुछ इस प्रकार है कि मीरा-भाईंदर मनपा द्वारा विभिन्न संपत्तियां जैसे उद्यान, श्मशान भूमि पानी की टंकियां, चौपाटी आदि की सुरक्षा के लिए दो सुरक्षा एजेसियां नियुक्त की गई थी। इन एजेंसियों द्वारा इन स्थानों पर सुरक्षा रक्षकों को नियुक्ति किया गया था। १ अक्टूबर को सैनिक इंटेलिजेंस ऐंड सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड ६६० सुरक्षा रक्षकों को अचानक काम से निकाल दिया गया। इतने सुरक्षा रक्षकों को एक झटके में बेरोजगार कर दिए जाने से उनके सामने आर्थिक संकट खडा हो गया । मनपा की संपत्तियों की सुरक्षा पर भी सवालिया निशान खडे. हो गए हैं। इस मसले को लेकर बीजेपी ने मोर्चा निकाला है। मोर्चे में शामिल एक मंडल से बातचीत के दौरान मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने इस छंटनी के पीछे कानूनी कारणों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थाओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने अन्य निजी एजेंसी को चुना है। इस संदर्भ में एक आदेश भी जारी किया है। सिक्योरिटी एजेंसी ने अपने सुरक्षा रक्षक को खुद ही हटाने का निर्णय लिया। बीजेपी नेता मेहता ने कहा कि नगर पालिका के नियमों के मुताविक, किसी कर्मचारी को काम से हटाने से पहले उसके साथ सेटलमेंट करना जरूरी होता है । बिना पूर्व सूचना और नोटिस दिए अचानक सुरक्षा रक्षकों को नौकरी से हटा देना उनके साथ अन्याय है। मेहता ने चेताया कि अगर दो-तीन दिन में प्रशासन इन लोगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है, तो आंदोलन और तेज होगा।

## आयुक्त से की चर्चा जनता की समस्या पर राजन विचारे ने



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : सांसद राजन विचारे ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) पदाधिकारियों के एक शिष्टमंडल के साथ मीरा भायंदर महानगर पालिका के आयुक्त- प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर से मुलाकात कर शहर के विभिन्न ३२ समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर उनके साथ ओवला मजीवाडा विधानसभा संपर्क प्रमुख नरेश मणेरा ,मीरा भायंदर संपर्क प्रमुख किरण फडणवीस, जिलाप्रमुख प्रभाकर महात्रे ,पूर्व नगर सेविका नीलम ढवन, महिला संगठक स्नेहल वंकसारिया, उपजिलाप्रमुख लक्ष्मण जंगम , शंकर विरकर, संदीप पाटिल , उत्तर भारतीय सेल के प्रमुख राजेश सिंह, दिनेश नलावडे, पूर्व उपमहापौर प्रवीण पाटिल, शर्मिला बगाजी, हेलन जॉर्जि, शहर प्रमुख जितेंद्र पाठक ,महिला शहर संगठक तेजस्विनी पाटिल व अन्य शिवसेना पदाधिकारी बडी संख्या में उपस्थित थे। सांसद विचारे ने मुख्य रूप से शहर के सडक़ों की खस्ता हालत, यातायात की समस्या ,राज्य सरकार से प्राप्त १००० करोड रुपए के निधि का हिसाब, पिछले डेढ.वर्षों में राज्य सरकार से प्राप्त निधि के खर्च व नियोजन, घन कचरा व्यवस्थापन, डीपी प्लान में नए आरक्षण, डंपिंग ग्राउंड, पार्किंग, उद्यान, सडक़ों के विस्तारीकरण , पानी आपूर्ति के लिए सूर्या प्रकल्प से मिलने वाले २१८ एमएलडी पानी की प्रगति, काशीमीरा के बीएसयूपी योजना, घोडबंदर किला के सौंदर्यीकरण, सुभाष चंद्र बोस मैदान को विकसित करने, भायंदर पश्चिम के माहेश्वरी भवन रोड विकास में साल्ट विभाग की अडच़न ,विगत १० वर्षों से सत्र न्यायालय के रखड.रहे कार्य, क्लस्टर योजना, शहर के धोखादायक इमारत, भायंदर पश्चिम रेलवे स्टेशन के सामने महाराष्ट्र राज्य परिमंडल डिपो का विकास, उत्तन के मछुआरों के लिए मार्केट, भायंदर पश्चिम रेलवे लाइन के समानांतर मधु अग्रवाल हॉस्पिटल से भायंदर रेलवे फाटक तक बनाए गए शेड के दुरुपयोग आदि पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लेने का ज्ञापन भी आयुक्त काटकर को सौंपा। मीरा-भायंदर शहर में मनपा के कुल ६ फायर स्टेशन हैं, जिनमें से ८३ स्थायी कर्मचारी हैं, और उनके साथ प्रशिक्षित ठेका मजदूर तीन शिफ्ट में पिछले कई वर्षों से उनके साथ काम कर रहे हैं। दिवाली, नवरात्रि, गणपति, दशहरा और अन्य त्योहारों के दौरान वे मजदूर हमेशा उन स्थान पर तैनात रहते हैं। अपनी जान जोखिम में डालकर नागरिकों को आग से बचाना और फिर बिना कोई नुकसान पहुंचाए उन्हें सुरक्षित बचाना, जहरीले सांपों को पकडऩा और उन्हें जंगल में छोडऩा जैसे जानलेवा कर्तव्य का निर्वहन वे करते हैं। जो मजदूर कोविड काल में भी अपनी जान की परवाह किए बिना दवा का छिडक़ाव और अन्य कार्य कर रहे हैं, उन्हे पिछले ५ वर्षों से मामूली मजदूरी पर काम करना पड.रहा हैं, उन्हें अपना गणवेश और आत्मरक्षा सामग्री खुद ही खरीदनी पड.रही है। उनके पास मेडिक्लेम की कोई सुविधा नहीं है। इसलिए सांसद राजन विचारे ने उनकी समस्याओं को आयुक्त के संज्ञान में लाया, और इन ठेका मजदूरों को शीघ्र न्याय मिलने की उम्मीद जताई।

## ऑनलाईन द्वारा ठगी का शिकार पैसे मिले वापस



**जेकेएस संवाददाता**

**मीरा रोड** : काशीमीरा परिसर में रहने वाले एक व्यक्ति को 'तुम्हारा इलेक्ट्रिक बिल नहीं भरा है, बिल नहीं भरा तो लाइट काट दी जाएगी' का झांसा देकर एक लिंक के माध्यम से १ लाख ४७ हजार रुपए की साइबर ठगी की गई थी. साइबर क्राइम सेल की सतर्कता से उस व्यक्ति की ठगी हुई रकम वापस मिल गई है. विगत एक वर्षों में ऑनलाइन ठगी के मामलों में ३०% की वृद्धि हुई है. मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के काशीमीरा पुलिस थाने अंतर्गत निवासी अंकुश उपाध्याय को उनके मोबाइल पर उक्त मैसेज आया था. अंकुश ने तुरंत लाइट बिल भरने की बात बताई. इसके बाद अंकुश के मोबाइल पर एक लिंक भेजकर उसमें पूछे गए जानकारी भर के ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए कहा गया. उस लिंक के माध्यम से लाइट बिल अदा करने पर अंकुश के बैंक खाते से १ लाख ४७ हजार रुपए निकासी किए जाने का मैसेज अंकुश के मोबाइल पर आया, जिसकी शिकायत अजय ने साइबर क्राइम सेल में की थी. साइबर क्राइम सेल ने शिकायत पर तुरंत संज्ञान लिया और शिकायतकर्ता के लेनदेन के बारे में प्राप्त जानकारी के आधार पर जांच शुरू की निकासी रोकने के बाद अंकुश के खाते में पुन: रुपए जमा कराए गए.

## मीरारोड में नशीले पदार्थ बेचनेवाला सलाखों के पीछे



**भायंदर।** मादक पदार्थ विरोधी पथक ने नया नगर पुलिस स्टेशन की हद में भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले पदार्थ से बने टैबलेट को जप्त किया है, जिसकी कीमत ५,४६,४०० रुपए बताई गई है। मीरा भायंदर बसई विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में पिछले काफी दिनों से नशीले पदार्थों की बिक्री की गुप्त सूचना मिल रही थी। मादक पदार्थ विरोधी पथक के प्रभारी पुलिस निरीक्षक अमर मराठे, सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल आंबवडे तथा अन्य पुलिस कर्मियों ने पुलिस गस्ती के दौरान मीरा रोड स्थित शांति नगर सेक्टर ११ में एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी की तो उसके पास से ट्रामाडोल नामक प्रतिबंधित मादक पदार्थ के ५४६४ टैबलेट्स मिले। इसे ड्रग्स के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस को मिली यह कामयाबी पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे तथा सहायक पुलिस आयुक्त अमोल मांडये के मार्गदर्शन में मादक पदार्थ विरोधी पथक के प्रभारी अमर मराठे के निर्देशन में मिली।

## इवेंट की आड में जिस्मफरोशी का धंधा



**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने एक सेक्स रैकेट चलाए जाने का पर्दाफाश किया है, जिसमें एक दम्पति दलाल इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के नाम पर सेक्स रैकेट चला रहे थे. पुलिस ने दम्पति को पीटा एक्ट अंतर्गत गिरफ्तार किया है और उनके चंगुल से ३ पीडित्ा को छुडाकर रेस्क्यू फाउंडेशन कांदिवली में भेजा है. पुलिस निरीक्षक समीर अहीरराव के अनुसार उन्होंने एक नकली ग्राहक और २ पंच को लेकर वेश्या दलाल आयान उर्फ मो. शाहरुख खान के बताए हुए जगह जीसीसी क्लब के पास स्थित यू एस ओस्तवाल इंग्लिश एकेडमी स्कूल की गेट नंबर २ हाटकेश काशीमीरा में जाल बिछाया था. सूचना की सत्यता की जांच कर पुलिस ने छापा मारा, जिसमें वेश्या दलाल आयान उर्फ मो. शाहरुख खान व उसकी पत्नी ज्योति उर्फ रेहाना सुल्तान दोनों आपसी मिली भगत कर इवेंट के नाम पर ३ पीडित्ा को खुद के ब्रिजा कार से वेश्यागमन के लिए ले जाने और उससे मिली रकम पर खुद की उपजीविका चलाने की बात स्वीकार की. पुलिस ने बरामद नगद रकम व अन्य सामग्री के साथ दोनों को काशीमीरा पुलिस के हवाले कर दिया है.

# बरसों बाद लगी हथकड़ी , आरोपी को वाराणसी से किया गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। कहते हैं कानून के हाथ बहुत लम्बे होते हैं।मुंबई से फरार जौनपुर मूल के दो हत्या आरोपियों को पुलिस ने २९ साल बाद वाराणसी से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अनिल रामअवध सरोज उर्फ विजय तथा उसका भाई सुनील उर्फ संजय नाम बदलकर ननिहाल में रह रहे थे।अनिल तो तांत्रिक बन बैठा था।तांत्रिक पूजा के लिए दोनों भाई शनिवार को वाराणसी पहुंचे थे। जहां पहले से जाल बिछाए बैठी पुलिस की टीम ने उन्हें दबोच लिया। आरोपी मूल रूप से जौनपुर जिले के थाना गौराबादशाह पुर के निशान गांव के रहने वाले हैं।हत्या के बाद नाम बदलकर अपनी ननिहाल गांव सोहनी,थाना केराकत जिला जौनपुर में रह रहे थे।इनकी धरपकड. के लिए मीरा भायंदर,वसई- विरार पुलिस की



अपराध शाखा ने यूपी एसटीएफ से मदद मांगी थी।यूनिट एक के पीआई अविराज कुराडे और एसटीएफ की वाराणसी यूनिट ने पीआई अमित श्रीवास्तव की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।इस हत्याकांड का पहला आरोपी सावलाला उर्फ अमरनाथ चौहान ३० अक्टूबर २०२२ को तब पकडा गया था,जब वह सऊदी अरब से कमा कर स्वदेश लौट रहा था। वह उत्तर प्रदेश के ही चंदौली जिले के कैराडी गांव का रहने वाला था। काशीमीरा पुलिस थाना क्षेत्र के पेंणकर पाडा की भरवाड. चाल में राजनारायण प्रजापति पत्नी और चार बच्चों के साथ रहता था।आरोपी उसके पडोसी थे।आरोपियों के सूटकेस से ३००० रूपया चोरी हो गया था।चोरी का उनका शक प्रजापति के बच्चों पर था।इस बात को लेकर उनमें झगडा हुआ।आरोप है कि आरोपियों ने राज नारायण की पत्नी और उसके चार बच्चों की चाकू व चोपर से निर्मम हत्या कर दी और फरार हो गए। आरोपी भाई दिल्ली में छुपकर मजदूरी का काम किया करते थे।साल २००९ में अपने ननिहाल आ गए।यहां नाम बदलकर रह रहे थे।उनका अपने मूल गांव आना-जाना नहीं होता था,जिसके उनका सुराग नहीं लग पा रहा था।

# अब कोंकण निर्वाचन क्षेत्र भी जीतेंगे - रमेश कीर

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई। कोंकण स्नातक मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम की घोषणा की गई है। वरिष्ट कांग्रेसी नेता, राज्य महासचिव और कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मुख्य समन्वयक रमेश कीर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक मतदाताओं को पंजीकृत करने की अपील की है। पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन की मौजूदगी में मीरा भायंदर कांग्रेस के शीर्ष पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि



सभी जिलों में मेरा दौरा चल रहा है. फिलहाल राज्य में बीजेपी विरोधी माहौल है .जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए महाविकास अघाडी के रूप में यह चुनाव लडेगी। इसमें सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी, रायगढ, ठाणे, पालघर आदि जिले और उनके महत्वपूर्ण शहर शामिल हैं। इस अवसर पर कोंकण कांग्रेस नेता सुरेश काटकर, विनय राणे, जिला अध्यक्ष प्रमोद सामंत, राज्य प्रतिनिधि प्रकाश नागाणे, महेंद्र सिंह, लीला ताई पाटिल, राकेश राजपुरोहित, महिला अध्यक्ष रूपा पिंटो सहित पूर्व नगरसेवक, ब्लॉक, प्रकोष्टों के अध्यक्ष और पार्टी के पदाधिकारी उपास्थित रहे।




## नई मुंबई नारकोटिक्स विभाग की बडी कार्रवाई! करोड रुपए का मादक पदार्थ किया बरामद

नई मुंबई : नई मुंबई मादक पदार्थ विरोधी टीम ने १ करोड.रुपए से भी अधिक का अमलीय पदार्थ जप्त कर आरोपियों को किया गिरफ्तार।



अमली पदार्थ विरोधी टीम पुलिस निरीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि वाशी इलाके में एक युवक अमली पदार्थ लेकर आने वाला है। इस सूचना के आधार पर पुलिस सह उपायुक्त गजानन राठौड. के मार्गदर्शन में वरिष्ट पुलिस निरीक्षक नीरज चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और वाशी सेक्टर-१९ एपीएमसी पुलिस की हद में सतारा प्लाजा के पास घेराबंदी करके हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक किलो ११ ग्राम मेफेड्रॉन (ड्रग्स) बरामद हुआ, जिसकी कीमत बाजार में एक करोड.एक लाख १० हजार रुपए बताई जा रही है। गोरेगांव-पश्चिम में रहने वाला यह आरोपी करोडों का ड्रग्स आखिर किसको देने के लिए लाया था, यह रहस्य अभी तक बरकरार बना हुआ है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एपीएमसी पुलिस स्टेशन में (एनडीपीएस) अधिनियम १९८५ की धारा ८ (क), २२ (क) के तहत मामला दर्ज किया गया है।








## रेलवे का ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते

मुंबई : रेलवे सुरक्षा बल को रेलवे संपत्ति, यात्री क्षेत्र और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत बच्चों को बचाने की एक जिम्मेदारी निभाई है। सेंट्रल रेलवे के आरपीएफ ने ७३३ बच्चों को बचाया है। सेंट्रल रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने जीआरपी के सहयोग से ७३३ बच्चों को बचाया है। पिछले ६ महीनों में यानी अप्रैल २०२३ से सितंबर २०२३ तक ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत मध्य रेल के रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्मों से रेलवे पुलिस और अन्य फ्रँटलाइन रेलवे कर्मचारी और चाइल्डलाइन जैसे गैर सरकारी संगठनों की मदद से उन्हें उनके माता-पिता से मिलाया गया। इसमें ५१७ लड़के और २१६ लड़कियां शामिल हैं। जो बच्चे रेलवे स्टेशन पर आते हैं, वे अपने परिवारों को सूचित किए बिना, कुछ लड़ाई या कुछ पारिवारिक मुद्दों के कारण या शहर में बेहतर जीवन या फिर ग्लैमर की तलाश में आते हैं। और भटककर प्लेटफॉर्मों पर ही घूमते हैं। ऐसे लोगों की मदद करने के लिए प्रशिक्षित आरपीएफ कर्मचारियों द्वारा उनकी समस्याओं को समझते हैं और उन्हें घरवालों से मिलाने में सहायता करते हैं। ६ महीने में ७३३ बच्चों को बचाया गया






























# प्रतिबंध कफ सिरफ को बेचने वाले चढे पुलिस के हत्थे



जेकेएस संवाददाता

**कल्याण** : आजकल नशे का शौक युवाओं में तेजी से फैल रहा है, जिसके चलते युवाओं का भविष्य अंधकार में हो रहा है। बाजार पेठ पुलिस ने दबिश देकर नशे का व्यापार करने वाले तीन सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख से अधिक का सामान बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार, बाजार पेठ पुलिस थाने क्षेत्र में आने वाला गोविंदवादी बाई पास, सर्वोदय इमारत के नाला के पास अमली पदार्थ की तस्करी करने की जानकारी पुलिस हवलदार सचिन सालवी को मिली। वरिष्ट पुलिस निरीक्षक सुनील पवार के मार्गदर्शन में पुलिस की एक टीम बताये पते पर पहुंचकर जाल बिछाया। कुछ देर बाद एक रिक्शे में बैठकर तीन युवक संदिग्ध अवस्था में आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने बिना समय गंवाए रिक्शा को रोकर तलाशी लिया। तलाशी के दौरान उसमे से फेडरेक्स नाम का ६० बोतल प्रतिबंधित कफ़ सिरप बरामद हुआ। पुलिस ने इस संदर्भ में तीन तस्करों को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर उनके पास से एक लाख १० हजार ५०० रुपए का सामान बरामद किया है।

# डॉलर छपे फोटो के कागज देकर नकदी लूटने वाले गिरोह को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जेकेएस संवाददाता

नई मुंबई : नई मुंबई के एपीएमसी क्षेत्र में सस्ते डॉलर के नाम पर लोगों को ठगने वाले एक गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी आते-जाते लोगों को पकडक़र सस्ते डॉलर देने का वादा कर असली भारतीय पैसे ले लेते थे और उसके बदले में महंगी गुणवत्ता वाले कागज पर डॉलर की रू-ब-रू छपी फोटो दे देते थे। जब वे लोग डॉलर बदलवाने जाते थे, तब उन्हें पता चलता था कि ये डॉलर्स नहीं, बल्कि डॉलर की फोटोज है। कुछ लोगों ने एपीएमसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद पुलिस ने छानबीन कर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया तो पता चला कि सभी लोग चाय की दुकानों और होटल्स के बाहर खडे.होकर लोगों से कहते थे कि उनकी मौसी अमेरिका में एक बडे.सेठ के घर में काम करती थी और उसका सेठ अब मर गया है। इसलिए उसकी सारी सम्पत्ति उसकी मौसी को मिल गई है। उनके पास डॉलर में सारे पैसे हैं, जो वो लोग सस्ते में बदल रहे हैं। उनके झांसे में जो व्यक्ति आ जाता था, उससे असली पैसे ले लेते थे और डॉलर की फोटो देकर भाग जाते थे।

# मायानगरी में छठ पर्व पर बनेंगे कृतिम तालाब, फायर शुल्क होगा माफ

जेकेएस संवाददाता

मुंबई । गणेशोत्सव की तर्ज पर नवरात्रि उत्सव और रामलीला होने वाले स्थानों पर मनया मुफ्त में सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस तरह की जानकारी मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे ने दी है। इसी तरह मुंबई में होने वाले छठ पूजा पर्व पर भी महिलाओं को तालाब नहीं खोजना पडे, इसके लिए मनपा मुंबई में ८२ स्थानों पर मनपा कृत्रिम तालाब की भी सुविधा उपलब्ध कराएगी। शिंदे फडण़वीस अजित पवार गठबंधन सरकार के निर्देश पर मुंबई शहर मे पहली बार मुंबई उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढा और मुंबई भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक आशीष शेलार की उपस्थिति में आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध करने के लिए मनपा प्रशासन और बेस्ट सहित



ट्रैफिक पुलिस और पुलिस के साथ बैठक की गई। जिसमे नवरात्रि उत्सव मंडल और रामलीला के संयोजक सहित छठ पूजा के आयोजक सहभागी हुए थे। बता दें कि मुंबई शहर में १२०० से अधिक नवरात्रि मंडल को हर आधिकारिक अनुमति है और मुंबई शहर में ८२ से अधिक स्थान पर छठ पर्व आयोजित किया जाता है। नवरात्रि मंडलों से अनुमति के लिए अब सौ रूपए शुल्क लिया जाएगा, जबकि फॉयर शुल्क पूरी तरह से माफ रहेगा। वहीं दूसरी ओर छठ पूजा के लिए इस वर्ष मनपा द्वारा विविध स्थानों पर ८२ कृतिम तालाब बनाए जाएंगे नवरात्रि में दशहरा पर्व पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सुरक्षा, छठ पर्व पर कृतिम तालाब, शौचालयों का निर्माण, दीपक जलाना, कीटनाशक दवाओं, धुवों का छिडक़ाव, साफ-सफाई, निर्माल्य कलश जैसी सुविधाएं गणेशोत्सव की तर्ज पर मनपा द्वारा मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। पुलिस प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध के जरिए महिलाओं के आभूषणों के चोरी की घटनाओं पर भी शिकंजा कसेगा। बैठक में मुंबई उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढा, मुंबई भाजपा अध्यक्ष एड आशीष शेलार, उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, युवा मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष तेजिंदर सिंग तिवाना, प्रभाकर शिंदे, भालचंद्र शिरसाट, कमलेश यादव, विद्यार्थी सिंह, हरीश भादिर्गे, पंकज यादव, शीतल गंभीर, दक्षा पटेल, प्रियंका मोरे, सेजल देसाई, मुंबई भाजपा के प्रवक्ता निरंजन शेट्टी, अतिरिक्त मनपा आयुक्त सुधाकर शिंदे, मनपा उपायुक्त रमाकांत बिरादर सहायक मनपा आयुक्त मृदुला अंडे आदि उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान की जेलों में बंद मछुआरों के परिजनों को नहीं मिली आर्थिक मदद ! रोजाना मिलनी थी ३०० रुपए की मदद



जेकेएस संवाददाता

**पालघर** : पाकिस्तान की जेलों में बंद मछुआरों के परिवार को अब तक महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित की गई आर्थिक सहायता मिलने की शुरुआत नहीं हुई है, जबकि इन मछुआरों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा राज्य सरकार ने अगस्त महीने में की थी। अब तक मछुआरों के परिवार आर्थिक सहायता मिलने की राह देख रहे हैं, जबकि ये मछुआरे आदिवासी समाज से आते हैं, और परिवार के कमाने वाले व्यक्ति के पाकिस्तान की जेल में बंद होने से परिजनों की आर्थिक हालत काफी खराब है। मछुआरों को तत्काल आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग करते हुए पाक-इंडो पीसफुल कमेटी के पूर्व सदस्य जतिन देसाई ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पालघर जिलाधिकारी गोविंद बोडके को इस संबंध में पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि पालघर जिले के १९ मछुआरे और खालाशी पाकिस्तान की जेलों में अभी बंद है। सरकार की घोषणा के अनुसार इनके परिजनों को ३०० रुपए रोजाना की आर्थिक मदद मिलनी चाहिए। बता दें कि गुजरात सरकार पाकिस्तान की ओर से पकड़े गए गुजराती मछुआरों के परिवार को मुआवजे के रूप में प्रतिदिन ३०० रुपए देती है, जबकि गुजरात की नावों पर मछली पकड़ने जाने वाले बड़ी संख्या में मछुआरे महाराष्ट्र के होते हैं, लेकिन उन्हें मदद नहीं मिलती। इसी को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने भी पाकिस्तान द्वारा पकड़े गए मछुआरों के परिवार को प्रतिदिन ३०० रुपए आर्थिक सहायता देने का एलान किया था, जो अब तक पाकिस्तान की जेलों के बंद मछुआरों के परिजनों को नहीं मिली है।

# विदेशी मुद्रा के नाम पर ठगी करने वाले चार बांग्लादेशी गिरफ्तार



वसई। अपराध शाखा क्रमांक ३ विरार पुलिस ने विदेशी मुद्रा के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अख्तर रज्जक चौधरी, सागर रहीम हलदर, तहुरल गुलाम रसूल शेख तथा फातिमा बेगम शेख है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार चारों आरोपी बांग्लादेश के रहने वाले हैं। वे अवैध रूप से यहां रह रहे थे। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने ४ अक्टूबर को शिकायतकर्ता को सस्ते दर में अमेरिका तथा सऊदी अरब के डॉलर्स देने की लालच देकर उसे चार लाख रुपए ले लिए। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को चालाकी से नोटों के आकार का, कागज का बंडल पकडा दिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चारों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस को मिली यह कामयाबी पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे और सहायक पुलिस आयुक्त अमोल मांडये के मार्गदर्शन तथा पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडाख के कुशल निर्देशन में पुलिस उप निरीक्षक अभिजीत टेलर, उमेश भागवत, पुलिस हवलदार अशोक पाटिल, मनोज चव्हाण और अन्य पुलिस कर्मियों की सक्रियता के चलते मिली।

# महाराष्ट्र में टीबी दवा की है भारी कमी :एमडीआर-टीबी के मरीजों की बढ़ी परेशानी

मुंबई : एमडीआर-टीबी से जूझ रहे रोगियों के प्रति ईडी सरकार से लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह से उदासीनता दिखा रही है। महाराष्ट्र में एमडीआर-टीबी के मरीजों के लिए प्रति महीने तीन लाख साइक्लोसेरीन गोलियों की जरूरत है, जबकि केंद्र सरकार ने प्रदेश में पांच दिन पहले केवल २५,००० गोलियां भेजी हैं। इसके अलावा डेलामेनिड की ३७,२०० गोलियां भी भेजी गई हैं, जो टीबी के तत्काल आवश्यकता वाले सभी रोगियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। बता दें कि ये दोनों एमडीआर-टीबी के इलाज के लिए प्रमुख दवाएं हैं, वहीं महाराष्ट्र में टीबी दवाओं की भारी कमी के बावजूद राज्य समेत केंद्र सरकार इसे बहुत ही हल्के में ले रही है, जिससे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल २०२५ तक टीबी को देश से समूल खत्म करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, जिस तरह से प्रदेश में टीबी के इलाज के लिए जरूरी दवाओं की किल्लत का सामना मरीज कर रहे हैं, उसे देखते हुए ऐसा नहीं लग रहा है कि पीएम का टीबीमुक्त हिंदुस्थान को देखने का सपना पूरा हो पाएगा। जानकारी के अनुसार, राज्य में १०,००० से अधिक एमडीआर-टीबी मरीज हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मुंबई से हैं। मुंबई समेत पूरे प्रदेश में जून से ही डेलामेनिड के अलावा टीबी की अन्य दवाओं में शामिल मोक्सीफ्लोक्सासिन, साइक्लोसेरीन लाइनजोलीड, क्लोफाजिमिन, पाइरिडोक्सिन की कमी देखी जा रही है, वहीं राज्य का स्वास्थ्य विभाग दवाओं की इस कमी के लिए जिम्मेदार केंद्र सरकार को ठहरा रहा है।




स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि केंद्र सरकार जरूरत से भी बहुत कम दवाओं की आपूर्ति कर रहा है, जिस कारण एमडीआर-टीबी की स्थिति और भी खराब होते जा रही है। जानकारी के अनुसार, ९ अक्टूबर को केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों में १०.५५ लाख साइक्लोसेरीन २५० एमजी के वैंप्सूल भेजे हैं। महाराष्ट्र को ४,१६,७५० साइक्लोसेरीन वैंप्सूल की आवश्यकता है, लेकिन तीन जिलों के लिए केवल १.३० लाख वैंप्सूल भेजे गए हैं, जिनमें मुंबई के लिए ७०,०००, पुणे के लिए ४०,००० और नागपुर के लिए ३०,००० कैप्सूल शामिल हैं। राज्य टीबी विभाग के मुताबिक, उन्हें इस सप्ताह साइक्लोसेरीन और डेलामेनिड का पहला स्टॉक मिला है। इसके साथ ही और स्टॉक मिलने की संभावना है। फिलहाल, प्राप्त हुए दवाओं के स्टॉक को जिलों में उनकी आवश्यकताओं के आधार पर वितरित किया जाएगा। समाजसेवी गणेश आचार्य ने कहा कि टीबी की अन्य दवाओं की उपलब्धता पर कोई जानकारी नहीं है। केंद्र ने कहा है कि वे अगले १० दिनों में टीबी की दवाएं वितरित करेंगे।

# रेलवे स्टेशनों पर होनेवाले अपराधों पर लगेगी लगाम !

मुंबई : मुंबई में रेलवे स्टेशनों पर बढ़ते अपराध दर को कम करने के लिए भारतीय रेलवे ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मध्य रेलवे ने ११७ स्टेशनों पर ३६५२ फेस रिकॉग्निशन वैंमरे लगाने का निर्णय लिया है। इसमें मुंबई डिविजन के ८९ स्टेशन शामिल हैं। फेस रिकॉग्निशन सिस्टम वाले इस वैंमरे से चेहरे के अलग-अलग हिस्सों को पहचाना जा सकता है। वैंमरा अपराधी की आंख या माथे की रेटिना की पहचान कर सुरक्षा एजेंसियों को अपराधी की स्टेशन पर मौजूदगी की जानकारी दे देगा। रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए मध्य रेलवे के ए, बी, सी श्रेणी के ३६४ स्टेशनों पर वीडियो सर्विलांस वाले ६१२२ वैंमरे लगाए जाएंगे। इनमें से ११७ स्टेशनों पर फेस रिकॉग्निशन प्रणाली वाले ३,६५२ वैंमरे होंगे। ११७ स्टेशनों में से ८९ स्टेशन मुंबई डिवीजन में हैं। वैंमरे लगाने के लिए रेलवे बोर्ड और रेलटेल के बीच समझौता हुआ है। ये वैंमरे वेटिंग हॉल, आरक्षण काउंटर,



पार्किग क्षेत्र, मुख्य प्रवेश द्वार, निकास द्वार, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज और बुकिंग कार्यालय के पास लगाए जाएंगे। ये वैंमरे १८० डिग्री से ३६० डिग्री तक वीडियो वैंप्चर कर सकते हैं। वर्तमान में मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, दादर, कुर्ला, ठाणे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस और कल्याण स्टेशन पर एकीवृत्त सुरक्षा प्रणाली (आईएसएस) वैंमरे स्थापित किए गए हैं। लेकिन अब सेंट्रल रेलवे ने मुंबई डिवीजन के ८९ स्टेशनों पर लगभग १,२०० फेस रिकॉग्निशन वैंमरे लगाने का पैंसला किया है। ये वैंमरे मुंबई उपनगर के सभी स्टेशनों पर लगाए जाएंगे। आने वाले महीनों में मुंबई के सभी स्टेशनों पर यह काम पूरा हो जाएगा।

# आग से खेलेगा फायर फाइटर रोबो ! दम घुटते धुएं में भी आग बुझाएगा अत्याधुनिक रोबोट

जेकेएस संवाददाता

ठाणे : अब तक इमारतों में लगनेवाली आग को बुझाने में अग्निशमन दल के कर्मियों को अपनी जान खतरे में डालकर आग पर काबू पाना पड़ता था, लेकिन अब इस कार्य के लिए फायर फाइटर रोबो का इस्तेमाल किया जाएगा। हाल ही में ठाणे स्थित बालकुम में फायर फायटर रोबो का सफल परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है। आनेवाले समय में कागजी कार्रवाई के बाद इस अत्याधुनिक रोबोट को अग्निशमन दल में कर्मचारी के तौर पर नियुक्त कर लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में ठाणे शहर में ऊंची-ऊंची इमारतें और व्यावसायिक परिसर बनाए जा रहे हैं। संकरी गलियों में शीशे वाली इमारतों में आग लगनेपर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई बार अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। साथ



ही धुएं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति से उबरने में फायर फाइटर रोबोट निश्चित रूप से मददगार साबित होगा। मुंबई और केरल की फायर ब्रिगेड में अच्छा प्रदर्शन कर चुके इस रोबोट का प्रदर्शन ठाणे मनपा के फायर ब्रिगेड के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में किया गया। १२ घंटे की बैटरी क्षमता वाले इस रोबोट को गोरेगांव के नास्को प्रदर्शनी केंद्र में एक प्रदर्शनी के दौरान प्रस्तुत किया गया था। उस कंपनी की टीम द्वारा इस रोबोट का प्रदर्शन और इसे उपयोग करने की जानकारी ठाणे मनपा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी गिरीश झलके की उपस्थिति में ठाणे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को दी गई। यह रोबोट ठाणे के घोड़बंदर रोड पर ओरियन बिजनेस पार्क में लगी आग की घटना में अहम भूमिका निभा सकता था। भिवंडी के गोदामों और इमारतों के बेसमेंट में आग लगने के बाद रोबोट आसानी से धुएं में घुसकर आग पर काबू पा सकता है। रोबोट जलती हुई इमारत की सीढ़ियां भी चढ़ सकता है। रोबोट ने कुछ ही सेकंड में बालकुम फायर स्टेशन की दो सीढ़ियों पर चढ़ने और उतरने का प्रदर्शन किया, साथ ही रोबोट ने हौज पाइप की मदद से आग पर पानी डालकर दिखाया। यह रोबोट आग के बिल्कुल करीब पहुंचकर आग पर पानी फेंक सकता है। यह रोबोट उन जगहों पर भी आसानी से पहुंच सकता है जहां धुएं में दम घुटने की संभावना हो और आग पर काबू पाया न जा सके।

## मनपा आयुक्त संजय काटकर ने ऑटो रिक्शा चालक से किया आवाहन



मीरा रोड, मीरा भायंदर महानगरपालिका और न्यू मीरा भायंदर रिक्शा चालक मालिक संघ ट्रेड यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से 'संवाद स्वच्छता का' बैठक मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर की अध्यक्षता में हुआ. इस बैठक में शहर ऑटो रिक्शा चालक मालिक बडी संख्या में उपस्थित हुए थे. आयुक्त काटकर ने कहा कि सभी रिक्शा चालक स्वच्छता दूत बन सकते हैं. रिक्शा चालक शहर के कोने-कोने में प्रवासी यात्रियों को पहुंचाते हैं. अपना कार्य करते हुए वे शहर की स्वच्छता में जन जागरूकता कर अपना महत्वपूर्ण योगदान भी दे सकते हैं. चलती गाडी से कचरा फेंकना, गुटखा, पान खाकर थूकना, गंदगी, अस्वच्छता फैलाने वाले कार्य ऑटो रिक्शा चालक रोज देखते हैं. आयुक्त ने कहा कि शीघ्र ही सभी ऑटो रिक्शा में एक छोटा कचरा कुंडी लगाया जाएगा. ऑटो रिक्शा चालकों ने भी स्वच्छता से संबंधित अपनी कुछ समस्याओं को सभी के समक्ष रखा. जिस पर आयुक्त ने उन्हें शहर के शौचालयों को स्वच्छ रखने, सडक़ों को दुरुस्त करने व एनजीओ के माध्यम से रिक्शा चालकों के परिजनों को प्रशिक्षित करने, मदद करने का आश्वासन दिया. चालकों से स्वच्छ, सुंदर बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया.

## जनता की सुविधा के लिए शनिवार चालु रहेगा मनपा कार्यालय

भायंदर. मीरा-भायंदर महानगर पालिका सीमा अंतर्गत संपत्ति धारकों को 'संपत्ति कर' भरने की सुविधा के लिए मनपा प्रशासन ने मार्च २०२४ तक शनिवार को भी कार्यालय शुरू रखने का निर्णय लिया है. संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए मुहिम चलाई जा रही है. महानगरपालिका आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने संपत्ति धारकों से कर अदाकार विकास कार्य व शहर विकास में सहयोग करने का आवाहन किया है. कर वसूली की मुहिम के तहत संपत्ति धारकों को नोटिस, अंतिम नोटिस देकर संपत्ति जप्त करने की कार्रवाई शुरू भाईबर उत्नगरपालिक की जाएगी. मीरा-भायंदर शहर में रहने वाले अधिकांश नागरिक नौकरी पेशा वर्ग के हैं. कार्यालयीन समय में उन्हें संपत्ति कर भरने में असुविधा होती है इसलिए उनकी सुविधा के लिए शनिवार को भी कार्यालय शुरू रखने का निर्णय लिया गया है. इसके अलावा संपत्ति कर ऑनलाइन अथवा माय एमबीएमसी ऐप के माध्यम से भी अदा कर सकते हैं.

# काशीमीरा पुलिस स्टेशन के बगल में शराबियों का अड्डा! रहिवासी परेशान

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरा रोड** : मुंबई से सटा काशीमीरा नाका इन दिनों शराबियों का अड्डा बन गया है। यहां लाइन से शराब की दुकानें और बीयर बार तो हैं ही, साथ ही चोरी-छिपे ठेलों पर भी शराब बिकने की जानकारी मिली है। लोग यहीं खड़े होकर शराब पीते हैं, जिसका नागरिक जमकर विरोध कर रहे हैं। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर काशीमीरा शराबियों और नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। यह इलाका मुंबई और मीरा-भायंदर का प्रवेश द्वार भी माना जाता है। इसलिए यहां से गुजरने वालों की संख्या ज्यादा है। ऐसे में रात के समय यहां से गुजरने



वाले लोगों में डर का माहौल होता है। मजे की बात यह है कि इसी काशीमीरा नाका पर काशीमीरा पुलिस स्टेशन मौजूद है, तो वहीं बगल में क्राइम ब्रांच का कार्यालय भी है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस स्टेशन भी कुछ ही कदम की दूरी पर है, लेकिन यहां देर रात तक बीयर बार और वाइन शॉप धड़ल्ले से खुले रहते हैं और पुलिस इसकी अनदेखी कर देती है। इसी वजह से असामाजिक तत्वों का डर खत्म हो जाता है और वे रोजाना यहीं आकर शराब पीते हैं। देर रात तक यहां लोगों की भीड़ होने से शोर मचा रहता है, जिससे अगल-बगल की कॉलोनियों में रहनेवालों की नींद में खलल पड़ता है। स्थानीय लोग इसके खिलाफ तीव्र आंदोलन छेड़नेवाले हैं। सभी ने पुलिस और संबंधित विभाग से विनती की है कि धड़ल्ले से खुलेआम हो रही शराब की बिक्री, सड़क पर खड़े रहकर मद्यपान करनेवालों के साथ ही यहां शोर-शराबा बंद होना चाहिए। इन लोगों ने यह चेतावनी भी दी है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो इसके खिलाफ लोग सड़क पर उतरेंगे। गौरतलब है कि काशीमीरा का यह इलाका इस क्षेत्र का प्रमुख चौक माना जाता है। यहां पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा दिखाई देती है। लोग महाराज का आशीर्वाद लेकर ही किसी भी काम की शुरुआत करते हैं। राजनेताओं को आंदोलन करना हो या किसी रैली की शुरुआत करनी हो तो इसी चौक पर पहले एकत्रित होते हैं, फिर रैली या मोर्चे की शुरुआत करते हैं। इस पवित्र चौक के इर्द-गिर्द इलाके में खुलेआम शराब की अवैध बिक्री और बीयर बारों का देर रात तक धड़ल्ले से चालू रहना छत्रपति शिवाजी महाराज चौक की तौहीन है। स्थानीय लोग इसके खिलाफ आंदोलन छेड़ेंगे।

## अवैध होर्डिंग लगानेवाले ठेकेदारों पर मनपा कारवाई करें

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : भायंदर पूर्व और पश्चिम को जोडऩे वाले फ्लाईओवर के शुरू होने वाले से पूर्वी छोर पर ४ माह से अवैध कमानी लगाई गई है. कमानी बनाने वाले ठेकेदार को मनपा ने इसके लिए कोई भी अनुमति नहीं दिया है. इसके बावजूद ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहा है और मनपा के राजस्व को क्षति पहुंचा रहा है. इसकी शिकायत किए जाने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा संबंधित ठेकेदार को नोटिस भेजने की खानापूर्ति कर प्रत्यक्ष में कोई कार्रवाई न किए जाने का मामला सूचना अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी से उजागर हुआ है. आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णा गुप्ता ने ७ जुलाई २०२३ को मनपा के विज्ञापन विभाग में इस अवैध कमानी और विज्ञापन के संबंध में शिकायत की थी. विज्ञापन विभाग के सहायक आयुक्त संजय दोंदे ने गुप्ता को बताया कि इस संदर्भ में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है. गुप्ता ने मनपा के सार्वजनिक निर्माण विभाग के पास लिखित शिकायत की, जिसके जवाब में शहर अभियंता दीपक खांबित ने गुप्ता को बताया कि शहर में ३२ विभिन्न स्थानों पर दिशादर्शक कमानी निर्माण करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है. भायंदर पूर्व और पश्चिम को जोडऩे वाले रेलवे लाइन के ऊपर बने उडान पुल के प्रवेश द्वार पर ठेकेदार द्वारा कमानी बनाई गई है. आरटीआई कार्यकर्ता गुप्ता ने मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर से संबंधित ठेकेदार से दंड वसूलने और उक्त अवैध कमानी पर कार्रवाई करने की मांग की.

मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र में ३२ स्थानों पर पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट-पार्टनरशिप) के तहत दिशादर्शक फलक लगाने हेतु कमानी बनाने की निविदा उक्त ठेका कंपनी ने सादर की है, लेकिन इस कार्य की निविदा प्रक्रिया अभी शुरू है. ठेकेदार को अभी कार्यादेश नहीं दिया गया है. इसके बावजूद ठेकेदार ने प्रायोगिक तौर पर फ्लाईओवर ब्रिज के प्रारंभ में एक कमानी बनाई है. जिसकी शिकायत मिलने पर ठेकेदार को कमानी हटाने की नोटिस दी गई है.



अवैध होर्डिंग, बैनर लगाए जाने के संबंध में तुरंत संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का कानूनन प्रावधान होने और शिकायत के बावजूद अभी तक ठेकेदार पर कोई कारवाई नहीं की गई है. विगत ४ माह से अवैध कमानी पर विज्ञापन डिस्प्ले की जा रही है, जिससे इस प्रकरण में मनपा की मिलीभगत स्पष्ट दिखाई दे रही है. यह आश्चर्यजनक है.

## जीवदया अभियान को मिला भारी प्रतिसाद



**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर।** जैसल पार्क चौपाटी कल्याण समिति द्वारा पिछली कई वर्षो से लगातार चलाया जाए रहे जीवदया अभियान के अंतर्गत पशु- पक्षियों के लिए विद्युत शव दाह गृह, एंबुलेंस व्यवस्था, डॉग शेल्टर आदि की मांग लंबे समय से की जाती रही है। ऐसी विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को जैसल पार्क चौपाटी कल्याण समिति द्वारा मीरा भायंदर महानगरपालिका के आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर को एक ज्ञापन सौंपा गया। आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर ने समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ ज्ञापन के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। समिति द्वारा पशु-पक्षियों की समस्याओं के अतिरिक्त रेलवे स्टेशन पर फेरीवालों द्वारा अनधिकृत कब्जों तथा जैसल पार्क के प्रवेश द्वार पर बैठे अनधिकृत मछली वालों के बारे में मनपा आयुक्त को अवगत करवाया गया। आयुक्त ने जगह-जगह पर होने वाले अतिक्रमणों को अति गंभीर मानते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। मनपा प्रशासक संजय काटकर ने समिति द्वारा प्रस्तुत सभी बिंदुओं को ध्यान से सुना और उनके संबंध में अधिकारियों से विचार विमर्श किया। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने और की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा । मनपा आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर ने जैसल पार्क चौपाटी कल्याण समिति द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन के सभी बिंदुओं को अति महत्वपूर्ण और जनहित के लिए आवश्यक माना। उन्होंने कहा कि १५ दिन बाद फिर से इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी। आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर के साथ हुई इस बैठक में समिति के महासचिव डॉ. नरेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष भरत अग्रवाल, संयुक्त सचिव सुशील पोद्दार, रूप सोनी, कलावती शर्मा तथा संध्या गेमावत ने भाग लिया।

## उडनेवाली धूल को रोकने में मनपा नाकाम



**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : मीरा-भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत वायु की गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण की दृष्ठि से 'डस्ट कंट्रोल सिस्टम' वाहन और 'रोड वैक्यूम स्वीपर' मशीन युक्त वाहन खरीदे गए थे, लेकिन इन वाहनों का उपयोग न किए जाने का मामला प्रकाश में आया है, जिससे यह वाहन मनपा के अलग-अलग कार्यालयों में धूल फांकते नजर आ रहे हैं. बता दें कि मुंबई शहर से सटे होने के कारण तेजी से विकास की ओर अग्रसर मीरा-भायंदर शहर में बिल्डिंग निर्माण का व्यवसाय जोरों से चल रहा है. इन बिल्डिंग निर्माणों की वजह से उडऩे वाली धूल के कण, विभिन्न विकास परियोजनाओं से निकलने वाली धूल हवा में मिश्रित होकर शहर की वायु गुणवत्ता को खराब कर रही है. इसके अलावा भी यहां हजारों की संख्या में लघु औद्योगिक कारखाने, भारी संख्या में वाहनों की यातायात आदि की वजह से भी निरंतर वायु की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है. शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र सरकार के १५वें वित्त आयोग की निधि से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत अप्रैल २०२३ में २ धूल नियंत्रण प्रणाली' खरीदे गए थे. इस सिस्टम के माध्यम से शहर में जिन जगहों पर धूल की मात्रा ज्यादा हैं, वहां लगातार पानी का छिडक़ाव कर धूल को कम करने, साथ ही शहर की सडक़ों की सफाई, डिवाइडर की सफाई और डिवाइडर पर लगे पेडों को पानी देना, उन पर जमी धूल को कम करना, फुटपाथ पर पेडों पर जमी धूल को कम करना, ऊंचे पेडों को साफ रखने के साथ आपातकालीन स्थितियों में आग बुझाने के लिए भी इस यंत्रणा का उपयोग किया जाता है, लेकिन विगत ६ माह से इस यंत्रणा को उपयोग में नहीं लाया गया. मीरा-भायंदर शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु अंतर्गत मनपा को मई २०२३ में १ रोड वेक्यूम स्वीपर मशीन प्राप्त हुए हैं. वैक्यूम स्वीपर मशीन के माध्यम से सडक़ के धूल मिट्टी के कण आदि स्वच्छ किए जाते हैं, जिससे हवा में उनकी मात्रा कम करने में मदद मिलती है. मूलभूत सुविधा विकास योजना अंतर्गत मनपा को मंजूर ३ करोड.रुपए की निधि से १२ छोटी सफाई वाहन भी खरीदे गए थे.

## रामलीला समिती की तरफ से रामलीला का आयोजन

**भाईदर** : मीरा- भाईदर रविवार से अगले १० दिन तक रामभक्ति में लीन हो जाएगा। भाइंदर (पूर्व) के आरएनपी पार्क में मीरा-भाईंदर रामलीला समिति की तरफ से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षाविद लल्लन तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर रामलीला की शुरुआत कराएंगे। रामलीला का समापन २४ अक्टूबर को श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ होगा। समिति विगत डेढ.दशक से राहुल स्पोर्ट्स ग्राउंड में रामलीला का आयोजन कर रही है। मंचन करने वाले सभी कलाकार सरस्वती साहित्य कला मंडल से जुडे.हैं। लोग साथ आते गए, कारवां बनता गया: संस्था के महासचिव और केवट जैसे कई प्रमुख किरदारों को निभाने वाले वृजेश तिवारी कहते हैं कि जब २००८ में रामलीला का पहला मंचन हुआ था, तब उन्हें अहसास नहीं था कि इतना लंबा सफर तय करेंगे। समय के साथ लोग आते गए और कारवां बनता गया। कारवां जुडऩे की इसी कडी में संस्था के मार्गदर्शक और राहुल ग्रुप के सचिव राहुल तिवारी ने इस साल मंचन के लिए कलाकारों के वस्त्रों को खरीदने के लिए समिति को अनुदान दिया। समिति को प्रतिवर्ष कलाकारों के वस्त्र के लिए लाखों रुपये किराया देना पडता था।








स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI